# केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
# मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
# जनसम्पर्क विभाग

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 21/06/2025

## कोर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में चल रहे 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का समापन दिनांक 21.06.2025 को भव्य योगाभ्यास के साथ हुआ। महाप्रबन्धक/कोर-श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, एवं केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन (रीवो) की अध्यक्षा श्रीमती वन्दना श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिती में श्री के.के. श्रीवास्तव, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी ने कोर कार्यालय के मुख्यालय प्रांगण में अधिकारियों व कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया।

यह दिन केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमें योग की महान परंपरा को अपनाने और जीवन को संतुलित, स्वस्थ व सकारात्मक बनाने की प्रेरणा देता है।

योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा का समन्वय है। यह हमें तनाव से मुक्ति, आत्म-नियंत्रण और आंतरिक शांति प्रदान करता है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में योग एक अमूल्य साधन है जो हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से स्थिर बनाए रखता है। "योग करें, निरोग रहें"।

योग पखवाड़े के अन्तर्गत दिनांक 09.06.2025 को योग संगोष्ठी, दिनांक 12.06.2025 को बच्चों के लिए योग पर कला प्रतियोगिता, दिनांक 18.06.2025 को रेल कर्मियों व उनके परिवार हेतु रेलवे कालोनी, त्रिवेणी विहार, राम बाग में योग शिविर का आयोजन, दिनांक 19.06.2025 को सरस्वती घाट यमुना तट पर योग शिविर का आयोजन, दिनांक 20.06.2025 को इलाहाबाद संग्रहालय उद्यान में योगाभ्यास के साथ समापन दिनांक 21.06.2025 को योग पर चर्चा व भव्य योगाभ्यास के साथ किया गया।

अपने संबोधनीय भाषण में महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि, योग को केवल योग दिवस पर ही नहीं बल्कि नित्य प्रतिदिन अपने घर पर अपने लिए जितना हो सके उतना करना चाहिए।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य विद्युत इंजीनियर (योजना) श्री एस.एस.नेगी, मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार्य) श्री उपेन्द्र कुमार, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री कल्याण सिंह एवं जनसम्पर्क अधिकारी श्री विमल कुमार तथा केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित होकर योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाया।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज